अतिमहत्वपूर्ण / तत्काल
ईमेल द्वारा।

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / केन्द्र अधीक्षक
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएं,
एवं नोडल परीक्षा केन्द्र।

पत्रॉकः प्राशिप / अनु03 / वि0बै0 परी0 दिस0–2023 / 2024 / 8491 लखनऊः दिनांकः 03 / 02 / 2024

विषयः विशेष बैक पेपर / (Only Back) पेपर के छात्र / छात्राओं की परीक्षा संबंधित जनपद के नोडल परीक्षा केन्द्रों पर ही कराए जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक कार्यालय पत्र संख्या प्राशिप / अनु03 / वि0बै0परी0 दिस– 2023 / 2024 / 1456, दिनांक 21 / 01 / 2024 एवं प्राशिप / अनु03 / वि0बै0 परी0 दिस0 2023 / 2024 / 8354, दिनांक 02 / 02 / 2024 **(छायाप्रति संलग्न)** का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से परिषद द्वारा आयोजित विषम सेमेस्टर / विशेष बैक पेपर (Only Back) परीक्षा, दिसम्बर 2023 (आयोजित जनवरी 2024) के संबंध में विशेष बैक पेपर (Only Back) परीक्षा से सम्बन्धित परीक्षार्थियों के सभी विषयों की परीक्षा संबंधित जनपद के नोडल परीक्षा केन्द्रों पर ही आयोजित होगी के संबंध में निर्देशित किया गया था।

परन्तु परिषद के संज्ञान में आया है कि नोडल परीक्षा केन्द्र पर अन्य जनपद के छात्र भी परीक्षा देने हेतु उपस्थित हो रहे हैं। अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि विशेष बैक पेपर (Only Back) परीक्षा से सम्बन्धित ऐसे परीक्षार्थी को विशेष बैक पेपर (Only Back) परीक्षा जनपद के नोडल परीक्षा केन्द्र के स्थान पर अन्य किसी परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा देने हेतु उपस्थित होते हैं, तो उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति न प्रदान की जाए। विशेष बैक पेपर (Only Back) परीक्षा से संबंधित परीक्षार्थी केवल अपने ही जनपद के नोडल परीक्षा केन्द्र पर ही परीक्षा दें। साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि परीक्षार्थी के पास प्रवेश पत्र की प्रति संबंधित संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित होनी चाहिए। यदि परीक्षार्थी के पास प्रवेश पत्र की प्रति संबंधित संस्था प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित नही है तो परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित कराने की अनुमति नही होगी।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0 सं0ः प्राशिप / अनु03 / वि0बै0 परी0 दिस0–2023 / 2024 / 8492–94 लखनऊः दिनांकः 03 / 02 / 2024

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, कानपुर।
2. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र / बुन्देलखण्ड क्षेत्र / मध्य क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थाओं को अपने स्तर से निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार कार्यवाही करते हुए उक्त सूचना परिषद की वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव